बिल्डर ने कई प्लॉट्स और सड़क की जमीन दबाकर जे.डी.ए. में स्कीम संशोधित करवाई

भांकरोटा के ग्राम नीमेडा में निजी खातेदारी की योजना 'महालक्ष्मी एन्क्लेव' का मामला

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) में मिलीभगत कर एक बिल्डर ने भूखंड़धारियों के प्लॉट और सड़क की जमीन दबाकर नए प्लॉट काट दिए। सांठगांठ ऐसी थी कि निजी खातेदारी की स्कीम के नक्शे और ले आऊट प्लान तक रातोंरात बदल दिए। जेडीए के अमीन, तहसीलदार एटीपी व जेईएन ने भी नक्शे संशोधित कर जोनल लेवल मीटिंग कर स्वीकृत करा लिए।

साथ ही आपत्ति देने की सार्वजनिक सूचना भी 29 मार्च 2023 को छपवा दी। यह घपला भांकरोटा के ग्राम नीमेडा में निजी खातेदारी की योजना 'महालक्ष्मी एन्क्लेव' में सामने आया है। खौफनाक बात यह है जब इस योजना में प्लॉटधारक ने जेडीए प्रशासन को आपत्ति दर्ज करवाई तो बिल्डर के आदमी उसे धमकाने लगे। इस बिल्डर के खिलाफ पहले भी वैशालीनगर में धोखाधड़ी के मामले दर्ज हो चुके हैं।

पीड़ित रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि इस बिल्डर ने अजमेर रोड पर भांकरोटा के ग्राम नीमेडा में निजी खातेदारी की योजना 'महालक्ष्मी एन्क्लेव' सृजित की थी। यह योजना 1996 में सृजित की गई थी और 2009 में बीपीसी से इसके नक्शे पारित कर स्कीम स्वीकृत करा ली थी। उक्त योजना का नियमन करा कर लीज डीड भी जारी हो गई थी। इस बीच अन्य आवासीय योजनाओं के खसरे की ओवरलेपिंग के कारण विवाद हो गया। बिल्डर ने जोन-12 में मिलीभगत कर संशोधित नक्शे पेश कर दिए। इसमें सड़क की चौड़ाई 40 फीट से घटाकर 30 फीट कर दी। साथ ही भूखंडधारियों को दिए गए प्लॉट छोटे कर दिए। इसके साथ ही वहां पर अतिरिक्त प्लॉट सृजित कर दिए गए।

- **पीड़ित प्लॉट मालिक रमेशचंद्र शर्मा ने जेडीए उपायुक्त को आपत्ति दर्ज कराई तो बिल्डर के लोगों ने उसे धमकाया**
- **बिल्डर की चालाकी ऐसी कि भूखंड़धारियों के प्लॉट और सड़क की चौड़ाई कर करके कई नए प्लॉट तक बना डाले**

पीड़ित रमेशचंद्र ने बताया कि इस योजना में प्लाट नंबर 443 मैने खरीदा है। पिछले दिनों समाचार पत्र में 'महालक्ष्मी एन्क्लेव' की संशोधित योजना की विज्ञप्ति देखी तो हैरानी हुई। मैंने जोन-12 के उपायुक्त के समक्ष लिखित में आपत्ति पेश की। जिसमें बताया कि उसका प्लाट नंबर 443 पहले 355 वर्गगज का था, जो बाद में घटा कर 337.77 वर्गगज का कर दिया। साथ ही सड़क की चौड़ाई भी घटा कर 40 फीट के बजाय 30 फीट कर दी गई। आरोप है कि बिल्डर ने सभी प्लॉट होल्डर के साथ धोखाधड़ी कर उनके भूखंड छोटे कर दिए हैं। इसमें भूखंडधारियों की सहमति भी नहीं ली गई। बिल्डर ने प्लॉट छोटे कर अतिरिक्त भूखंड सृजित कर दिए, जो कि प्लॉट होल्डर्स के साथ धोखाधड़ी है। जेडीए जोन-12 के टाउनप्लानर और जेईएन और तहसीलदार ने आंखें मूंदकर जोनल लेवल की मीटिंग में बिल्डर द्वारा दिए गए संशोधित नक्शे पास करा लिए। आपत्ति नहीं करने पर वो स्कीम भी अनुमोदित करा लेते। शर्मा का कहना था कि आपत्ति देने के बाद बिल्डर के आदमी उन्हें लगातार फोन कर आपत्ति वापस लेने के लिए धमका रहे हैं। इस मामले में पूर्व में भी बिल्डर ने कुछ भूखंडधारियों के प्लाट रहन में रख दिए थे। इसमें उनके खिलाफ थाना वैशालीनगर में मुकदमा भी दर्ज किया गया था।

> **अभी योजना का नक्शा अनुमोदन नहीं हुआ है। हमने इसकी सार्वजनिक सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित इसीलिए कराई है जिससे किसी को कोई आपत्ति हो तो वो पेश कर सके। योजना के अनुमोदन में किसी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी। कोई भी आपत्ति आती है तो उसका निराकरण किया जाएगा। भूखंडधारी की आपत्ति के निस्तारण के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।**
>
> प्रवीण कुमार, उपायुक्त
> जोन-12 जेडीए

हाऊसिंग बोर्ड के 100 प्रोजेक्ट रेरा में पंजीकृत

- **इस आंकड़े के साथ आवासन मंडल बना देश की सबसे बड़ी रेरा रजिस्टर्ड संस्था**

जयपुर (कासं)। राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा ने मंडल की 100वीं परियोजना के रेरा (राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) में पंजीकृत होने पर मंडल टीम को बधाई देकर कार्मिकों का उत्साहवर्धन किया। मंडल को रेरा के तीन डिजिट में लाने वाली 100वीं परियोजना जोधपुर की चौपासनी में उद्यान अपार्टमेंट रही।

आवासन आयुक्त ने मंडल मुख्याल पर बुधवार को प्राप्त इस उपलब्धि के लिए शाबाषी दी और उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि मंडल द्वारा चलाए जा रही सभी परियोजना में रेरा की पालना सुनिश्चित करने के लिए शाखा का गठन किया गया गया और मंडल शत प्रतिशत रेरा की पालना कर रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन के विश्वास को हम रेरा के साथ निरंतर मजबूत कर रहे हैं।

अरोड़ा ने बताया मंडल के 100 प्रोजक्ट अब तक रेरा में पंजीकृत हो चुके हैं, जल्द ही यह आंकड़ा दिन ब दिन बढ़ता जाएगा। रेरा में 100 प्रोजेक्ट पंजीकृत होने पर राजस्थान आवासन मंडल देश की सबसे बड़ी रेरा रजिस्टर्ड संस्था बन गई है। उन्होंने कहा कि स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल और रेरा चेयरमैन एन.सी. गोयल के नेतृत्व में मंडल के सभी प्रोजेक्टों में रेरा की पालना सुनिश्चित करवाई जा रही है।

आवासन आयुक्त ने बताया कि गुरूवार को मण्डल मुख्यालय पर एक लघु समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें रेरा राजस्थान के चैयरमेन एन.सी. गोयल को आवासन मण्डल की ओर से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही आवासन मण्डल के 100 प्रोजेक्ट रजिस्टर्ड होने पर रेरा की तरफ से भी ट्रॉफी प्रदान की जाएगी और जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों का इस उपलब्धि को प्राप्त करने मे सहयोग रहा है, उनको भी सम्मानित किया जाएगा।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले को सजा

जयपुर, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर प्रथम ने 17 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त अजय कुमार पंवार को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि पीडिता ने 18 सितंबर 2020 को सांगानेर सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उसके माता-पिता दिन में काम पर चले जाते हैं। उनके मकान में अभियुक्त अजय कुमार, जो डीजे की दुकान करता है, रहता है को पीड़िता ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान एक नाबालिग ने उसके साथ बलात्कार किया था। वहीं अजय जून 2020 की शाम उसे जबरन बाथरूम में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद वह गुमसुम रहने लगी और आखिर में घटना की जानकारी परिजनों को दी। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किया। जबकि नाबालिग आरोपी के खिलाफ बाल न्यायालय में अलग से आरोप पत्र दाखिल किया गया। सुनवाई के दौरान अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसे मामले में फंसाया गया है। पीड़िता ने तीन माह की देरी से रिपोर्ट दर्ज कराई है और उसका मेडिकल भी देरी से हुआ है। इस पर अदालत ने कहा कि कोई भी लड़की स्वयं के साथ हुए यौन अपराध को लेकर सहज नहीं रहती है और संकोच के कारण परिजनों को भी जानकारी नहीं देती। मामले में पीड़िता नाबालिग थी और उसने संकोचवश यह मानसिक पीड़ा अपने स्तर पर सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन परिस्थितियां खराब होने के चलते उसने परिजनों को इसकी जानकारी देने का साहस किया। यौन हिंसा की पीड़िता अत्यधिक शर्म और समाज व परिजनों के द्वारा तिरस्कृत किये जाने से भयभीत रहती है। इसलिए देरी से रिपोर्ट दर्ज कराने का लाभ अभियुक्त को नहीं मिल सकता।

निजी स्कूलों पर कार्रवाई न करने के आदेश

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने आरटीई के तहत एडमिशन के मामले में शैक्षिणक सत्र 2022-23 के लिए प्रार्थी प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ राज्य सरकार को दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत कहा है कि यदि याचिकाकर्ताओं को शैक्षिणक सत्र 2023-24 की पॉलिसी से कोई परेशानी हो तो वे नए सिरे से याचिका दायर कर सकते हैं। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह निर्देश मैनेजिंग कमेटी कैम्ब्रिज हाई स्कूल व अन्य की याचिकाओं को सारहीन मानकर निस्तारित करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान प्राइवेट स्कूलों की ओर से कहा गया कि शैक्षिणक सत्र 2022-23 लगभग खत्म हो गया है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने शैक्षिणक सत्र 2022-23 में एडमिशन के लिए एक फरवरी 2023 को नोटिफिकेशन जारी किया है। ऐसे में प्रार्थी स्कूल अब शैक्षणिक सत्र 2022-23 के अंतिम स्तर पर कोई एडमिशन नहीं दे सकते।

पूर्व विधायकों को पेंशन देने के मामले में एजी व स्पीकर को बतौर पक्षकार हटाया

प्रदेश के 508 पूर्व विधायकों को मासिक पेंशन देने का मामला

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के 508 पूर्व विधायकों को मासिक पेंशन देने के मामले में दायर याचिका में से महाधिवक्ता और स्पीकर का नाम बतौर पक्षकार हटा दिया है। अदालत ने महाधिवक्ता का नाम हटाने के लिए याचिकाकर्ता को प्रार्थना पत्र पेश करने के लिए कहा था। वहीं स्पीकर का नाम अदालत ने अपने स्तर पर ही हटा दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश मिलाप चंद डांडिया की जनहित याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान अदालती आदेश की पालना में याचिकाकर्ता की ओर से महाधिवक्ता का नाम पक्षकार से हटाने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया। जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए कहा कि याचिका में स्पीकर को भी बेवजह पक्षकार बनाया गया है। ऐसे में स्पीकर का नाम भी हटाया जा रहा हैं। वहीं याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विमल चौधरी और अधिवक्ता योगेश टेलर ने कहा कि पंजाब में पूर्व विधायकों को एक ही पेंशन दी जाती है। जबकि राजस्थान में व्यक्ति जितनी बार विधायक रहा, उस अवधि के आधार पर पेंशन दी जा रही है। इस पर महाधिवक्ता ने कहा कि पंजाब के अलावा सभी राज्यों में अवधि के हिसाब से ही पेंशन दी जा रही है। इसके अलावा वे सरकार को इस तथ्य से अवगत करा देंगे। वहीं महाधिवक्ता ने याचिका का जवाब पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर अदालत ने चार सप्ताह का समय दे दिया है।

याचिका में कहा गया है कि आरटीआई में मिली सूचना के तहत प्रदेश में 508 पूर्व विधायकों को करीब 26 करोड़ सालाना पेंशन के तौर पर दिए जा रहे हैं। इनमें से कई विधायक वर्तमान में भी एमएलए हैं। वहीं करीब आधा दर्जन से अधिक पूर्व विधायकों को एक लाख रुपए और सौ से अधिक पूर्व विधायकों को मासिक पचास हजार रुपए से अधिक की पेंशन दी जा रही है। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार राजस्थान विधानसभा अधिकारियों और सदस्यों की परिलब्धियां एवं पेंशन अधिनियम 1956 व राजस्थान विधानसभा सदस्य पेंशन नियम, 1977 बनाकर पूर्व विधायकों को पेंशन का लाभ दे रही है। जबकि संविधान के अनुच्छेद 195 और राज्य सूची की 38वीं एन्ट्री में पूर्व विधायकों को पेंशन देने का प्रावधान नहीं है।

सार-समाचार

अखिल अरोड़ा से मिले सेवारत चिकित्सक

जयपुर (कासं)। अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ ने बुधवार को एसीएस वित्त अखिल अरोड़ा से वार्ता की। वार्ता में वित्त सचिव नरेश ठकराल भी मौजूद रहे। सेवारत चिकित्सकों से वर्ष 2011 और वर्ष 2017 में हुए समझौतों की कई मांगे और कुछ वेतन विसंगतियां अब तक लंबित चल रही थी, जिनके लिए आज अरिस्दा अध्यक्ष डॉ. अजय चौधरी के नेतृत्व में राज्य भर से आए 15 सेवारत चिकित्सक नेता सचिवालय पहुंचे और अपनी बात रखी। बताया जा रहा है कि वार्ता सकारात्मक रही, एसीएस अखिल अरोड़ा से एक एक कर सभी बिंदुओं पर चर्चा हुई। मुख्य मुद्दा मेडिकल कैडर का रहा, जिसके लिए आज से ही कवायद शुरू करने के निर्देश भी संबंधित को दे दिए गए। अन्य समस्त मांगों जैसे डीएसीपी, वेतन विसंगति, हायर स्टडीज का गजट नोटिफिकेशन, ऐडहॉक चिकित्सकों के नियमितीकरण आदि पर भी जल्द से जल्द समाधान निकालने का भरोसा अखिल अरोड़ा ने दिया। वार्ता में डॉ. जगदीश मोदी, डॉ. शंकर बामनिया, डॉ. नरोत्तम शर्मा, डॉ. राहुल हर्ष, डॉ. विद्याप्रकाश मीणा, डॉ. मनीष चौधरी, डॉ.ज्योत्सना रंगा, डॉ. अटल चौधरी, डॉ. रितु चौधरी, डॉ. विजय चौधरी, डॉ. राजवीर सिंह, डॉ.सुरेश मंडावरिया और डॉ प्रमोद जैन सम्मिलित रहे।

प्रशिक्षण में 28 देशों के प्रतिभागी शामिल

जयपुर (कासं)। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में "पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस" पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अर्जेंटीना, बुरुंडी, तंजानिया, लाओस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, घाना, इथियोपिया, नाइजीरिया, मलावी, केन्या, युगांडा, वियतनाम, सिएरा लियोन, एंटीगुआ और बारबुडा जैसे अट्ठाईस देशों के 29 प्रतिभागी शामिल हुए। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय श्रम अर्थशास्त्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान, नीति आयोग, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सार्वजनिक नीति पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। जयपुरिया, जयपुर के निदेशक डॉ. प्रभात पंकज ने कहा कि जीवन का विज्ञान हमें बताता है कि स्वास्थ्य और खुशी दोनों के लिए निश्चित जीवन उन्मुखीकरण की आवश्यकता होती है, जिसके न होने पर कोई भी उपलब्धि नहीं मिल सकती है। उन्होंने स्वस्थ और सुखी जीवन जीने की सलाह दी। इस दौरान डॉ. टीना जैन चेयरपर्सन-एग्जीक्यूटिव एजुकेशन एंड कंसल्टेंसी और डॉ. दानेश्वर शर्मा, डीन-स्टूडेंट अफेयर्स ने "टीम मैनेजमेंट" पर आयोजित सत्र में प्रतिभागियों के साथ मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की।

मैराथन दौड़ का आयोजन 7 अप्रैल को

जयपुर (कासं)। विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में 7 अप्रैल को राजस्थान नर्सिंग कौंसिल की ओर से अमर जवान ज्योति जनपथ पर प्रात: साढे 6 बजे मैराथन दौड़ और नर्सिंग संवर्ग के प्रतिभागियों की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। नर्सिंग कौंसिल रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा ने बताया कि मैराथन दौड़ व खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रहेंगे, जबकि अध्यक्षता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा करेंगे। समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि शासन सचिव डॉ. पृथ्वी एवं अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि मैराथन दौड़ में नर्सिंग संवर्ग के करीब 8 हजार प्रतिभागी भाग लेंगे, सभी सुबह छ: बजे विधान सभा के सामने इक्कठे होंगे तथा उनके वाहन अमरूदो के बाग में पार्क किए जाएंगे। वीआईपी अतिथि अंबेडकर सर्किल से हो कर अमर जवान ज्योति पहुंचेंगे तथा उनके वाहनों की पार्किंग व्यवस्था वही स्टेडियम में की गई है। फ्लैग ऑफ के बाद मैराथन अंबेडकर सर्किल होते हुए स्टेच्यू सर्किल के ठीक पहले से वापिस घूम कर एसएमएस स्टेडियम पहुंचेगी। मैराथन के बाद स्टेडियम में 7 से 9 अप्रैल तक राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता होगी। जिसमें महिला व पुरुष वर्ग की कबड्डी, वॉलीबाल, बैडमिंटन, म्यूजिकल चेयर, रसाकस्सी, सहित लॉन्ग जंप, हाई जंप, डिस्कस थ्रो, दौड व गोलाफेंक होगी।

हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन आज

जयपुर । मंदिर श्री मनोकामनेश्वर वीर हनुमान जी ऊंचा कुआं हल्दियों का रास्ता जौहरी बाजार में 6 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हनुमानजी का दुग्धाभिषेक कर नवीन पोशाक धारण करवाई जावेगी। तत्पश्चात हनुमानजी के भोग लगाकर सायं 7 बजे आरती की जावेगी और भक्तों व श्रृद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया जायेगा। यह जानकारी मंदिर के महंत व पुजारी पंडित राजकुमार व्यास व भक्त बजरंग शर्मा व जगदीश गुर्जर ने दी।

संक्षिप्त

राष्ट्रीय सेवा संगम में प्रदर्शनी आज

जयपुर । राष्ट्रीय सेवा भारती के तत्वावधान में जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ परिसर में 7 से 9 अप्रैल तक राष्ट्रीय सेवा संगम-2023 का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस आयोजन के एक दिन पहले यानी 6 अप्रैल को विश्व जागृति मिशन के संस्थापक आचार्य सुधांशु महाराज प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी सेवा संगम के प्रचार प्रमुख महेंद्र सिंहल ने दी। सिंहल ने बताया कि कार्यक्रम में स्वामी माधवानंद विश्व शांति परिषद जाडन (पाली) के महामंडलेश्वर स्वामी महेश्वरानंद का आशीर्वचन होगा। पूर्व अखिल भारतीय सेवा प्रमुख प्रेमचंद गोयल का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में राजसमंद की सांसद दीया कुमारी मुख्य अतिथि और उद्योगपति अशोक बागला विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगे। प्रदर्शनी 6 से 9 अप्रैल तक सुबह 9 से शाम 7 बजे तक खुली रहेगी।

अनुप्रेरणा सिंह कुंतल ए.पी.ओ.

जयपुर, (का.सं.)। राज्य सरकार ने आज एक आदेश जारी कर अनुप्रेरणा सिंह कुंतल को पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा में रखा है। वर्तमान में वे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में आयुक्त व विशिष्ट शासन सचिव के पद पर हैं।

थानों में लगेंगे पैरा लीगल वॉलन्टियर्स

जयपुर । लापता बच्चों एवं उनके विरूद्ध अपराधों के संबंध में अब उन्हें विधिक सहायता मिल सकेगी। इसके लिए राज्य सरकार प्रदेश के पुलिस थानों में पैरा लीगल वॉलन्टियर्स नियुक्त करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वॉलन्टियर्स लगाए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

फूल बंगले में विराजे सालासर बालाजी

हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर मंगलेश्वर महादेव मंदिर में सजी मनोरम झांकी

जयपुर (कासं)। चैत्र शुक्ल पूर्णिमा गुरूवार को हनुमान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ होंगे। शाम को भजन संध्याओं में वीर बजरंग बली का गुणगान किया जाएगा। दर्जनों स्थानों से प्रसिद्ध हनुमान मंदिरों के लिए पदयात्राएं रवाना होंगी। हनुमान मंदिरों में अंजनी सुत का दुग्धाभिषेक और पंचामृत अभिषेक कर सिंदूरी चोला धारण कराया जाएगा। इसके बाद आकर्षक नवीन पोशाक धारण करवाई जाएगी। फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। श्रद्धालु केसरीनंदन के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। इसके बाद जन्म आरती होगी। जन्मोत्सव पर छोटीकाशी के सभी हनुमान मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है।

जौहरी बाजार के हल्दियों का रास्ता स्थित मंगलेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर सालासर बालाजी भक्त मंडल जयपुर की ओर से आयोजित भजन संध्या में बालाजी महाराज का गुणगान किया गया। भक्तों ने अयोध्या में बन रहे



भगवान श्रीराम के मंदिर और राम लला विराजमान के दर्शन किए। मंडल के अध्यक्ष रामप्रसाद कारोड़िया ने बताया कि भजन संध्या में अयोध्या के रामलला का दरबार सजाकर फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर में विराजित सभी विग्रहों का मनोरम श्रृंगार किया गया। महाआरती के साथ भजन संध्या का शुभारंभ हुआ। जय श्री राम और हनुमान जी महाराज के जयकारों के मध्य गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का श्रीगणेश हुआ। पवन शर्मा ने महाराज गजानंद आओ जी म्हारी सभा में रंग बरसाओ...भजन गाकर विघ्न विनाशक प्रथम पूज्य गणपति को मनाया।

भजन संध्या में अक्षरधाम मंदिर के योगी प्रेमी ने भगवान राम और हनुमान जी के शास्त्रीय राग के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। बाबू सिंह राजावत सहित अन्य भजन गायकों ने भी हाजिरी दी। भजन संध्या के बीच-बीच में पुष्प वर्षा की गई। जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी, विधायक कालीचरण सराफ, पूर्व विधायक सुरेन्द्र पारीक, नगर निगम के पूर्व चेयरमैन अजय यादव, हल्दियों का रास्ता व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सुरेंद्र बज सहित अनेक विशिष्टजनों ने भी भजन संध्या में हाजिरी लगाई। मंडल के सदस्य बी एल बागवान, पवन शर्मा, पुरूषोत्तम सोनी, केसर देव वर्मा, हर्षवर्धन ठाकर, कैलाश चंद माहेश्वरी, महावीर सिंह चौहान, महावीर प्रसाद सिसोदिया, गोपाल लाल अग्रवाल, जगदीश प्रसाद दालवाला, पुरूषोत्तम अग्रवाल, रमेश चंद भंडारी मामराज अमरसरिया, सत्यनारायण, जितेन्द्र सैनी भी उपस्थित रहे।

डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग 19 से

जयपुर । डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग के तृतीय संस्करण का ट्रायल संपन्न हो गया है। अब 9 अप्रैल को खिलाडियों का ऑक्शन होगा। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया की तृतीय संस्करण 'डीपीटल' जो कि 19 से 23 अप्रैल को जयपुर क्लब में होगा, टूर्नामेंट के ट्रायल में खिलाडियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डीपीटील पेट्रन डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि सीनियर वर्ग में ट्रायल में डॉ. महाक्षित का आइकॉन केटेगरी, डॉ. जय राठौड़, डॉ. दिव्यारुप का प्लैटिनम केटेगरी, डॉ. सतीश शाह का एमेराल्ड केटेगरी, डॉ राकेश व डॉ. संजय पाटीदार का डायमंड वर्ग में चयन हुआ। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपाली पाठक ने बताया कि जूनियर वर्ग में यश छाबरा, मानसी महला, रचित केडिया, अनुष्का शर्मा का आइकॉन श्रेणी में चयन हुआ। लीग कोचेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज़ ने बताया कि पुरुष वर्ग में 12 टीमें और जूनियर वर्ग में 4 टीमें खेलेंगी।

जयपुर का 'विभाजन' रूकवाने की अर्जी लेकर मोतीडूंगरी गणेशजी के मंदिर में पहुंचे प्रबुद्धजन

जयपुर (कासं)। जयपुर को दो जिलों में बांटने के विरोध में उतरे प्रबुद्धजनों ने बुधवार को मोतीडूंगरी गणेशजी मंदिर में अर्जी लगाकर सरकार की सद्बुद्धि की कामना की। दरअसल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गत दिनों विधानसभा में जयपुर को दो नए जिलों में बांटने की घोषणा की थी, जिसमें एक जिले का नाम 'जयपुर उत्तर' व दूसरे का नाम 'जयपुर दक्षिण' प्रस्तावित किया था। घोषणा के बाद से ही इसके सम्भावित दुष्परिणामों को ध्यान में रखते हुए जयपुर के प्रतिष्ठित प्रबुद्धजनों ने "म्हारो जयपुर- प्यारो जयपुर" की एक सकारात्मक मुहिम छेड़ रखी है।

इसके तहत जयपुर के जन प्रतिनिधियों से ज्ञापन देकर आग्रह किया जा रहा है कि जयपुर के दोनों नगर निगम के 250 वार्डों को सम्मिलित रखते हुए जयपुर शहर का सिर्फ़ एक ज़िला जयपुर शहर के नाम से बनाए। जयपुर शहर को विभाजित नहीं किया जाये। यह प्रबुद्धजन धार्मिक स्थलों पर भी सामूहिक पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

अभियान से जुड़े सुनील कोठारी ने बताया कि पिछले दिनों जयपुर शहर के सभी जन प्रतिनिधियों से मिलकर इस विषय पर उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया जा चुका है।

बुधवार को मोती डूँगरी गणेश मंदिर में सभी कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर भगवान से प्रार्थना की कि, सरकार को सद्बुद्धि दे, जो जयपुर शहर को किसी भी रूप में नहीं बांटे। इस अवसर पर मंदिर के महंत कैलाश शर्मा से भी प्रतिनिधि मंडल ने मुलाक़ात कर जयपुर को बांटने से यहां के नागरिकों पर पड़े वाले दुष्प्रभाव और जयपुर शहर की विरासत पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। महंत कैलाश शर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वो जनता की भावना के अनुसार सरकार से बात करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में सुनील कोठारी, जयपुर की पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल, वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र सिंह शेखावत, अल्प संख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन जसबीर सिंह, पार्षद विमल अग्रवाल, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, शरद खण्डेलवाल, जयपुर व्यापार महासंघ के महामंत्री सुरेन्द्र बज मौजूद थे।